font>

14.10 hrs.

Title: Need to depute a Central Team to Madhya Pradesh to assess the extent of damage caused to opium crop in the State.

डॉ.लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में विशोकर नीमच, मंदसौर और रतलाम में गत मास असमय भारी वर्ाा व िवनाशकारी ओलावृटि के कारण कई फसलों को जहां भारी नुकसान पहुंचा है, वहीं अफीम की फसल को भी भारी हानि हुई है। उक्त अफीम उत्पादक जिलों में कतिपय स्थानों में 60 से 70 प्रतिशत तक की हानि हुई है। यद्यपि इस तथ्य की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी गई, किन्तु मौके पर पहुंचकर उनके द्वारा हानि का आकलन न किये जाने से अफीम उत्पादकों में भारी क्षोभ है व उन्हें आशंका है कि यदि यथासमय हानि का आकलन नहीं होता है तो उनके द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित औसत न देने के फलस्वरूप उनके लाइसेंस निरस्त हो सकते हैं। ऐसी दशा में उन्हें फसल की हानि होने से आर्थिक हानि व लाइसेंस निरस्त होने की दशा में भी भारी हानि होगी, इस प्रकार अफीम किसान दोहरी हानि से पीड़ित होना पड़ेगा।

अतः मेरा माननीय वित्त मंत्री महोदय से अनुरोध है कि तुरन्त ही निरीक्षण दल भेजकर हानि का आकलन करवायें ताकि अफीम उत्पादकों को भारी आर्थिक हानि से राहत प्राप्त हो सके व वे भावी हानि से बच सकें।